उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

पत्रांकः– 965 / चयन / 183–2020 / 2020–21 दिनांक 23/03/2021

संशोधित विज्ञप्ति

विज्ञापन संख्या–1 / 2011 संस्था प्रधान प्रयागराज मण्डल वर्ग–03 (बालकों के हाईस्कूल) के प्रति चयनित अभ्यर्थियों पैनल चयन बोर्ड की विज्ञप्ति संख्या–2840 / चयन / 83–2019 / 2019–20 दिनांक 07.08.2019 द्वारा जारी किया गया था।

इस पर श्री पवन कुमार तिवारी द्वारा दिनांक 26.11.2020 को प्रत्यावेदन दिया गया। माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के माननीय मुख्य न्यायाधीश की संवैधानिक पीठ की याचिका संख्या–1247 / 2013 अमल किशोर सिंह बनाम उ0प्र0 सरकार व अन्य के निर्णय पेज नं0 51 पैरा 47 में स्पष्ट रूप से मास्टर आफ फिजिकल एजूकेशन को स्नातकोत्तर की डिग्री मान्य किया गया है। श्री पवन कुमार तिवारी के स्नातकोत्तर शारीरिक शिक्षा में 63.00 प्राप्त अंक को गुणांक में मूल्यांकित करने के उपरान्त उनको कुल 274.38 अंक प्राप्त होगें, जो पूर्व में प्राप्त 250.14 से अधिक है। 274.38 अंक प्राप्त करने के पश्चात् श्री पवन कुमार तिवारी तृतीय स्थान की चयनित सूची के अन्दर आ जायेंगे। इनके अन्दर आ जाने के कारण तृतीय स्थान की चयनित सूची में अन्तिम स्थान पर स्थित श्री सोहन कुमार झॉ सूची से बाहर होगें।

आवेदन पत्र में श्री पवन कुमार तिवारी के द्वारा अधिमानता 23, 27, 24 अंकित की गयी थी। मांगी गयी अधिमानता के अनुसार श्री पवन कुमार तिवारी (विद्यालय कोड 24, संस्था–श्री देशबन्धु इ0का0 वैशकॉटी कौशाम्बी) आवंटित किये जाने एवं विद्यालय कोड 24 पर पूर्व से चयनित श्रीमती सुमन श्रीवास्तव के द्वारा अधिमानता 10, 3 अंकित की गयी थी, इसलिए श्रीमती सुमन श्रीवास्तव को विद्यालय कोड संख्या 26, संस्था–रणजीत पं0 इ0का0 शाहजादपुर, कौशाम्बी पर पैनल के तृतीय क्रम पर स्थित श्री सोहन कुमार झॉ के चयन सूची से बाहर होने के कारण उनके स्थान पर आवंटित किये जाने का निर्णय बोर्ड द्वारा लिया गया। बोर्ड द्वारा लिये गये उपर्युक्त निर्णय के कम में संलग्न संशोधित विज्ञप्ति जारी किये जाने का निदेश हुआ है।

भवदीय

22-03-2021

उपसचिव

उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,

प्रयागराज।